श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 132, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 18 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

लखनऊ : मड़ियांव की कबाड़ मंडी में लगी भीषण आग, 30 दुकानें जलकर खाक

लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र में सीतापुर रोड पर हुई घटना। आग की चपेट में आने से जलीं करीब 30 दुकानें। दमकल कर्मियों ने दो दर्जन से अधिक गाड़ियों की मदद से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लखनऊ, जेएनएन। राजधानी के मड़ियांव क्षेत्र में सीतापुर रोड स्थित कबाड़ मंडी में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से मंडी की करीब 30 दुकानें जलकर राख हो गईं। दमकल कर्मियों ने दो दर्जन से अधिक गाड़ियों की मदद से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दरअसल, मड़ियांव क्षेत्र में केशवनगर स्थित कबाड़ मंडी में गुरुवार रात एकाएक आग लग गई। घटना से मंडी में अफरा-तफरी मच गई। मंडी के लोगों ने पहले पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होते देख लोगों ने दमकल को सूचना दी। सूचना पर बीकेटी समेत कई फायर स्टेशनों से करीब दो दर्जन गाड़ियां पहुंची। फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाना शुरू किया। उधर, लोग चीख-पुकार करते हुए अपना सामान हटाने में लगे थे। सुरक्षा के दृष्टिगत लोगों को फायर कर्मियों ने रोका। दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया। एफएसओ बीकेटी ने बताया कि करीब 25-30 दुकानें जली हैं। आग संभवतः शार्ट सर्किट के कारण लगी है।

स्थानीय दुकानदारों में असलम, जुबैद समेत कई अन्य लोगों ने बताया कि डेढ़ साल में यह तीसरी बार आग लगी है। लोगों का आरोप है कि आग लगाई गई है। दो माह पहले एलडीए की टीम पहुंची थी। टीम ने मंडी को अवैध बताकर कुछ दुकानें भी गिराई थीं। लोगों का आरोप है कि दुकानें खाली कराने के लिए आग लगाई गई है। वहीं, दमकल कर्मियों ने शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई है।

मंडी में प्लास्टिक का सामान, कबाड़ और भारी मात्रा में डंप था। आग से काला दमघोटू धुंआ काफी निकला। जिससे दमकल कर्मियों समेत स्थानीय लोग काफी परेशान हुए। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

ईडी ने इकबाल मिर्ची की पत्नी, बेटों को भगोड़ा घोषित करने की मांग की

मुंबई, पीटीआइ। मुंबई की एक विशेष अदालत ने गैंगेस्टर इकबाल मिर्ची की पत्नी और दो बेटों को पेश होने के निर्देश जारी किए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, अदालत ने बृहस्पतिवार को नोटिस जारी कर 16 फरवरी को मिर्ची की पत्नी और दो बेटों को पेश होने के निर्देश जारी किए। विशेष पीएमएलए कोर्ट ने यह आदेश ईडी की याचिका पर जारी किया।

प्रवर्तन निदेशालय ने इस महीने की शुरूआत में यानी धन शोधन रोधी अधिनियम अदालत में एक याचिका दाखिल कर आर्थिक अपराधी भगोड़ा अधिनियम, 2018 के संबद्ध प्रावधानों के तहत जुनैद इकबाल मेमन, आसिफ इकबाल मेमन (मिर्ची के बेटों) और हाजरा मेमन (मिर्ची की पत्नी) को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की मांग की थी। ईडी की याचिका को स्वीकार करते हुए विशेष अदालत ने तीनों को 16 फरवरी को पेश होने के निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी इकबाल मिर्ची और उसके परिवार के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच कर रहा है। ईडी ने आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की मांग की है। आरोपियों की कुछ संपत्तियां मुंबई में हैं। मालूम हो कि तीनों (जुनैद इकबाल मेमन, आसिफ इकबाल मेमन और हाजरा मेमन) विदेश में हैं और ईडी के समन और अदालत की ओर से जारी किए गए वारंटों की अनदेखी कर रहे हैं। मालूम हो कि इकबाल मिर्ची मादक पदार्थों की तस्करी और फिरौती के अपराध में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का दायां हाथ था जिसकी मौत साल 2013 में हो गई थी। इकबाल मिर्ची पर 1993 के मुंबई धमाकों के साथ-साथ ड्रग तस्करी से हजारों करोड़ की संपत्ति बनाने का आरोप था। मिर्ची के परिवार के सदस्य उसकी अवैध संपत्ति को वैध बनाने में जुटे हैं। इस सिलसिले में ईडी मिर्ची की 798 करोड़ रुपये संपत्तियां जब्त कर चुका है।

पहाड़ों में जमने लगे झरने, झील और तालाब, दिल्ली में टूटा 10 साल का रिकार्ड, कई जगहों पर बारिश की आशंका

नई दिल्ली, एएनआइ। उत्तरी भारत में लगातार तापमान में गिरावट जारी है। सुबह में कोहरा और दिन में ठंड के साथ सर्द हवाएं लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास करवा रही हैं और आने वाले दिनों में भी लोगों को शीत लहर का सामना करना होगा। मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि 18 दिसंबर तक उत्तरी भारत में सर्द हवाओं का दौर जारी रहेगा।

पहाड़ों में लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तर भारत ठंड के चपेट में हैं। गिरते तापमान से पूरे कश्मीर में जहां तापमान शून्य से नीचे चला गया है। वहीं, उत्तराखंड और हिमाचल में भी झील, झरने और तालाब जमने लगे हैं। इससे आम लोगों की दिक्कतें बढ़ रही हैं। इसके अलावा पहाड़ों पर पड़ रही ठंड का असर दिल्ली और आसपास के मैदानी राज्यों में भी दिखाई दे रहा है। समाचार एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए, आइएमडी प्रमुख ने कहा, '20 दिसंबर से मौसम की स्थिति में सुधार होगा और तापमान में 2-3 डिग्री का इजाफा होगा।' राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) के बारे में बात करते हुए, श्रीवास्तव ने कहा, 'अदकमध्यम और खराब श्रेणी के बीच दर्ज किया जा रहा है और चूंकि हवा की गति अच्छी है, इसलिए अगले तीन दिनों तक इसी श्रेणी में रहने की संभावना है।' आइएमडी ने आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस का अनुमान लगाया है। आइएमडी ने ट्वीट किया, 'अगले 24 घंटों के दौरान दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और पश्चिम उत्तर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों, पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ में कुछ दिनों में ठंड से लेकर अत्यधिक ठंड होने की संभावना है।'

दिल्ली में अक्टूबर और नवंबर के बाद दिसंबर में भी रिकार्ड तोड़ ठंड पड़ रही है। पिछले सप्ताह जरूर कुछ दिन गर्मी महसूस हुई थी, लेकिन अब दिल्ली शीत लहर की चपेट में है। न्यूनतम और अधिकतम दोनों ही तापमान में गिरावट आ रही है। ऐसे में गुरुवार को न्यूनतम तापमान ने 10 साल का रिकार्ड तोड़ दिया।

मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए आरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। विभाग का कहना है कि सुबह ही नहीं दिन के समय भी शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। ठंड अधिक होने के कारण गुरुवार को लोग घरों में दुबके रहे। बता दें कि गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से सात कम 15.2 और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन कम 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। 2011 से लेकर अब तक 17 दिसंबर की तारीख का यह सबसे कम न्यूनतम तापमान है।

स्काईमेट वेदर के मुख्य मौसम विज्ञानी महेश पलावत ने बताया कि रविवार से हवा की दिशा में बदलाव संभावित है। इसके बाद ही तापमान में कुछ इजाफा होगा और ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी।

जम्मू-कश्मीर हाड़ कंपा देने वाली ठंड से जूझ रहा है। पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। ठंड नित नए रिकार्ड बनाने पर आमादा है। श्रीनगर के लोगों ने न्यूनतम तापमान माइनस 6.4 डिग्री सेल्सियस के साथ मौजूदा सर्दियों की सबसे ठंडी रात गुजारी। यही वजह है कि कश्मीर के अधिकतर झरने, झीलें, तालाब व जलस्रोत जमने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 21 व 22 दिसंबर को पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी व बारिश हो सकती है। कश्मीर में सर्दियों का सबसे ठंडा दौर कहलाने वाला 40 दिन का चिल्लेकलां 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है।

इसी तरह उत्तराखंड और हिमाचल में भी ठंड के चलते लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जगह जगह सड़कें बंद हैं तो बिजली और पानी की सप्लाई पर भी असर हुआ है। ऊधमसिंह नगर में तो अधिकतम तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस कम रहा। यह परिस्थिति 20 साल बाद बनी है। वहीं, हिमाचल के बद्दी और ऊना सहित निचले क्षेत्रों में धुंध के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी। इसके अलावा मनाली-केलंग मार्ग पर पानी जमने से बढ़ा जोखिम। यहां गाड़ियों के फिसलने की आशंका बनी हुई है। कई जगहों पर हल्की बारिश की आशंका भी जताई गई है।

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके, घरों से बाहर आए लोग, 4.2 मापी गई तीव्रता

दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार देर रात को भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। इससे लोग डरकर घरों से बाहर निकल आए। मालूम हो कि दिल्ली-एनसीआर का समूचा क्षेत्र भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है।

नई दिल्ली, एजेंसियां। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार रात लगभग 11.45 मिनट पर भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। इससे लोग डरकर घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.2 दर्ज की गई। भूकंप के झटके दिल्ली से लेकर नोएडा गाजियाबाद, गुरुग्राम तक महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र राजस्थान के अलवर जिले में था जिसके झटके दिल्ली एनसीआर के इलाकों तक महसूस किए गए।

समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, राजस्थान के अलवर में आया यह भूकंप गुरुवार रात 11.46 बजे आया। भूकंप का केंद्र धरती के महज पांच किलोमीटर नीचे था। मालूम हो कि दिल्ली-एनसीआर का क्षेत्र भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। भूकंप के लिहाज से दिल्ली एनसीआर और इसके आसपास के इलाकों को जोन-4 में रखा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुना नदी से सटे इलाके भूकंप की आशंका वाले क्षेत्रों में शामिल हैं।

इससे पहले राजस्थान के जयपुर में गुरुवार को दिन में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह भूकंप गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे आया था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी राजस्थान में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.0 मापी गई जबकि इसका केंद्र जयपुर से 64 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में था। हालांकि देश के अलग अलग हिस्सों में आए भूकंप से किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

दुनिया में यदि भूकंप की बात करें तो गुरुवार को जापान में भी तगड़े झटके महसूस किए गए। समाचार एजेंसी रॉयटर के मुताबिक, जापान में गुरुवार को 4.6 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र राजधानी टोक्यो के उत्तर में इबाराकी प्रान्त में था। हालांकि कोई सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई। भूकंप का केंद्र राजधानी टोक्यो के उत्तर में इबाराकी प्रांत में था। इस भूकंप से जानमाल का कोई नुकसान नहीं देखा गया।

केंद्र सरकार का बड़ा एलान, अगले दो सालों में देशभर से खत्म कर दिए जाएंगे टोल प्लाजा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मार्च तक सभी टोल संग्रह 34000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि टोल संग्रह के लिए जीपीएस तकनीक का उपयोग करके अगले पांच वर्षों में टोल आय 134000 करोड़ रुपये हो जाएगी।

नई दिल्ली, एजेंसियां। अब देश में जल्द ही नेशनल हाइवे पर बिना रोकटोक के वाहन दौड़ सकेंगे। देश के सभी नेशनल हाइवे से टोल प्लाजाओं को बंद कर दिया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दी है। एसोचैम फाउंडेश वीक कार्यक्रम कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार देशभर में वाहनों की बिना रोकटोक के आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस आधारित तकनीक टोल संग्रह को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले दो सालों में भारत 'टोल प्लाजा मुक्त' हो जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाहनों की आवाजाही के आधार पर टोल की राशि सीधे बैंक खाते से काट ली जाएगी। हालांकि, अब सभी कॉमर्शियल वाहन ट्रैकिंग सिस्टम के साथ आ रहे हैं। इसके साथ ही सरकार पुराने वाहनों में जीपीएस तकनीक स्थापित करने के लिए कुछ योजना लेकर आएगी।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने टोल वसूली के लिए जीपीएस आधारित व्यवस्था की तैयारी की जानकारी भी दी। इस मामले में रूस के पास विशेषज्ञता है। इस व्यवस्था में दूरी के हिसाब से टोल की राशि कट जाती है। उन्होंने दो साल में यह व्यवस्था लागू हो जाने की बात कही। केंद्रीय मंत्री ने अगले पांच साल में टोल कलेक्शन 1.34 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच जाने का भरोसा भी जताया। गडकरी ने वायबिलिटी गैप फंडिंग की व्यवस्था को इन्फ्रास्ट्रक्चर के अतिरिक्त अन्य सेक्टर में लागू करने का भी एलान किया। अब सोशल सेक्टर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में भी वायबिलिटी गैप फंडिंग की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार देश भर में वाहनों की स्वतंत्र आवाजाही बनाने के लिए यह खास कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में केंद्र सरकार ने देश के सभी टोल प्लाजा पर अनिवार्य कर दिया है। गडकरी ने कहा कि नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर FASTtags की अनिवार्यता के बाद ईंधन की खपत कम हुई है। इसके अलावा प्रदूषण पर भी काफी लगाम लगी है। कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास भारत में रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण है, हालांकि वर्तमान में उद्योग भारत में शहरी क्षेत्रों में केंद्रीकृत है क्योंकि इस तरह के उद्योग का विकेंद्रीकरण विकास दर को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से शहरों में गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं। जैसे दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, और अन्य। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास में सार्वजनिक-निजी निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। गडकरी ने बुनियादी ढांचे के विकास में सार्वजनिक-निजी निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता भी व्यक्त की है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, किसानों को प्रदर्शन का अधिकार लेकिन दूसरों के मौलिक अधिकार बाधित न हों

नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो। नए कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन और रास्ते बंद किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार को मान्यता देते हुए कहा कि किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन इससे दूसरों के आने-जाने और खानपान की जरूरी वस्तुएं हासिल करने का मौलिक अधिकार बाधित नहीं होना चाहिए। वहीं सरकार से भी सुझाव के लहजे में पूछा कि क्या समाधान निकलने तक कानूनों को निलंबित किया जा सकता है। समस्या के समाधान के लिए एक निष्पक्ष कमेटी के गठन पर विचार कर रहे कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि कोर्ट सिर्फ किसान आंदोलन और आवाजाही खोलने के विषय पर विचार करेगी। कानूनों की वैधता पर नहीं।

गुरुवार का दिन अहम था। शीर्ष कोर्ट में किसान संगठन पेश नहीं हुए और इस नाते कोर्ट ने सुनवाई शीतकालीन अवकाश तक के लिए टाल दी। अवकाश शनिवार से शुरू हो रहा है और अदालत जनवरी के पहले सप्ताह में ही फिर खुलेगी। ऐसे में अगर किसान संगठनों ने कमेटी के लिए अपने प्रतिनिधि नहीं दिए और मामला अवकाशकालीन पीठ के समक्ष नहीं आया तो अगले एक पखवाड़े तक मामला यूं ही अटका रहेगा। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने किसान आंदोलन के कारण बंद रास्तों को खुलवाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बुधवार को नोटिस जारी करते हुए आठ किसान संगठनों को भी पक्षकार बनाया था। लेकिन गुरुवार को उनमें से कोई भी सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने साफ किया कि वह सभी पक्षों को सुने बिना कोई आदेश नहीं देगा। कोर्ट ने किसान संगठनों को नोटिस भेजने का आदेश दिया और कहा कि नोटिस तामील होने के बाद मामले को जाड़े की छुट्टियों के बाद सुनवाई पर लगाया जाए। यह भी कहा कि सभी को नोटिस मिलने के बाद अगर जरूरी हो तो मामले को अवकाशकालीन पीठ के समक्ष भी उठाया जा सकता है। साथ ही कोर्ट ने साफ किया कि इस मामले का लंबित होना पक्षकारों के आपसी सहमति से समाधान निकालने में बाधा नहीं होगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी साफ किया कि फिलहाल वह प्रदर्शन के अधिकार और लोगों के स्वतंत्रता के साथ बिना बाधा के आवागमन के अधिकार पर विचार कर रहा है। कृषि कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नियमित प्रक्रिया में सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कहा कि किसान आंदोलन के कारण रास्ते बंद हैं, जरूरी वस्तुएं, खाने-पीने की चीजें नहीं आ पा रही हैं जिससे चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी मौलिक अधिकार पूर्ण नहीं होता। प्रदर्शन और आने-जाने व जीवन के अधिकार के बीच संतुलन होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि वह प्रदर्शन के मौलिक अधिकार को मान्यता देते हैं और उसमें कटौती नहीं की जा सकती। कोर्ट इसमें दखल नहीं देगा। हालांकि यह अधिकार पब्लिक आर्डर के अधीन है। लेकिन जब तक यह शांतिपूर्ण है और संपत्ति व किसी की जान को नुकसान नहीं है, इसे बाधित नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार की ओर से पेश अटार्नी जनरल ने किसानों के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे बातचीत को तैयार नहीं हैं, कानून रद करने की मांग कर रहे हैं और सिर्फ हां या ना में जवाब चाहते हैं।

पुडुचेरी में चार जनवरी से खुलेंगे स्कूल, जानें कैसे चलेंगी कक्षाएं और क्या है इस बारे में राज्य सरकार की योजना

नई दिल्ली, एएनआइ/जेएनएन। देश में जैसे जैसे कोरोना का प्रकोप थम रहा है वैसे वैसे संस्थानों में काम काज भी सामान्य होने की ओर है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, पुडुचेरी में सभी स्कूल अगले साल जनवरी में खुल जाएंगे। राज्य के कृषि और शिक्षा मंत्री आर कमलकन्नन ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार जनवरी से पहली से 12वीं तक के सभी स्कूलों को खोला जाएगा।

पुडुचेरी के शिक्षा मंत्री आर कमलकन्नन ने बताया कि शुरूआत में स्कूलों में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक की कक्षाएं चलेंगी। स्कूलों को आधे दिन के लिए खोला जाएगा। बाद में नियमित तौर पर पूरे दिन के लिए स्कूलों को खोल दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री के मुताबिक, 18 जनवरी से सभी स्कूलों में कोरोना संकट से पहले की तरह पूरे दिन कक्षाएं चलने लगेंगी। स्कूलों में संक्रमण से बचाव के सभी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के चलते राज्य में मार्च से ही स्कूलों को बंद रखा गया है। यदि सबकुछ सही तरह से चलता रहा तो अब अगले साल चार जनवरी से नियमित तौर पर स्कूलों को फिर से खोल दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश के बाद देशभर में मार्च से सभी स्कूल, कॉलेजों और उच्च शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया था। सूबे में संक्रमण के मामले कम होने के बाद स्कूलों को खोलने का फैसला किया गया है।यही नहीं झारखंड में भी 10वीं और 12वीं की पढ़ाई के लिए स्कूलों को खोलने पर सहमति बन गई बताई जाती है। सूत्र बताते हैं कि बुधवार को इससे संबंधित आदेश जारी हो जाएंगे। इस दौरान ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। इसके साथ ही मेडिकल, डेंटल एवं नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई शुरू करने की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही तमाम सरकारी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट भी खोले जाएंगे। सूत्रों की मानें तो मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक हुई जिसमें आला अधिकारी मौजूद थे।

संक्षेप समाचार

दबंगों ने सार्वजनिक रास्ता किया बंद, तनाव

करछना। क्षेत्र के अरई भस्मा गांव में दबंगों द्धारा सार्वजनिक रास्ते को उखाड़कर कूड़े का ढेर लगाकर अवरोध पैदा करने की शिकायत एसडीएम करछना से की गई है। रास्ते को लेकर दो पक्षों में तनाव की स्थिति पैदा हो गई है।गांव निवासी कमला प्रसाद पटेल द्धारा करछना पुलिस से की गई शिकायत के मुताबिक ग्रामसभा की आवादी की भूमि में कई वर्ष पुराना चकमार्ग बनाया गया है और गांव के अधिक्तर लोग इसी रास्ते होकर गुजरते है।सार्वजनिक रास्ते पर गांव के ही दिनेश कुमार सहित उनके परिवार को कुछ लोगों ने जबरन खड़ंजा उखाड़कर कूड़े का ढेर लगाकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया है।ग्राम प्रधान मरम्त कराने राजस्व और पुलिस टीम के साथ पहुंचे जहां दिनेश पक्ष के लोगों ने कार्य रोकवाते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।जिसपर रास्जव टीम ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ मरम्त कराये जाने की रिर्पोट उपजिलाधिकारी को सौप दी है।पूर्व में भी की गई शिकायत की गई किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों ने गंभीरता से नही लिया जा रहा जिसके कारण कभी भी रास्ते का विवाद खूंनी संघर्ष ले सकता है।

विद्युत विभाग का महाकैंप शनिवार व रविवार को

नवाबगंज। विद्युत विभाग द्वारा फाफामऊ के समस्त उपखंड पर महाकैंप लगाकर विद्युत बिलों का संशोधन मीटर रीडरो द्वारा गलत बिल निकाले जाने संबंधी गड़बड़ियों में संशोधन औद्योगिक एवं वाणिज्यिक विलो में छूट का पंजीकरण तथा बकाया बिलों के भुगतान के लिए के लिए फाफामऊ उप खण्ड के समस्त पॉवर हाउस में महाकैम्प लगाया जाएगा! जिसमें समस्त अवर अभियंता व विद्युत विभाग के स्टाफ मौजूद रहेंगे यह जानकारी हर्ष गुप्ता एसडीओ फाफामऊ द्वारा दी गई हैं।

करछना में हुआ कृषिमंत्री का स्वागत

करछना। वृहस्पतिवार को कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही का जगह जगह कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया गया इस दौरान रामपुर मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया उधर बरांव में एसपीएन सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर त्रिवेणी प्रसाद पाडेय नन्हे पाडेय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बालू मजदूरों को बालू से नहीं मनरेगा और समूह से जोड़ दिया जायेगा रोजगार

गुरुवार के दिन घूरपुर थाने में जिला प्रशासन ने बैठक कर तैयार की रूपरेखा

घूरपुर थाना परिसर में एडीएम प्रशासन मजदूर नेताओ और बालू मजदूरों से विचार विमर्श करते हुए

घूरपुर। घूरपुर क्षेत्र में बालू खनन बंद हो जाने से बेरोजगार हजारों बालू मजदूरों को जिला प्रशासन अब मनरेगा और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार दिए जाने की पहल शुरू कर दी है। गुरुवार के दिन प्रशासनिक अधिकारियों ने घूरपुर थाने में बालू मजदूर नेताओ और मजदूरों के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार किया। गुरुवार के दिन घूरपुर थाना परिसर में एडीएम प्रशासन विजय शंकर द्विवेदी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बालू मजदूर नेताओ व बालू मजदूरों के साथ बैठक कर बेरोजगार हुए बालू मजदूरों को रोजगार देने के लिए पहल किया। घंटो विचार विमर्श के बाद निर्णय हुआ की तराई इलाकों में बेरोजगार हुए बालू मजदूरों के गावों में स्वयं सहायता समूह से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ आत्मनिर्भर किया जाय। लोग समूह से जुड़ मनचाहे कार्य कर लाभ ले। इसके समूह के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही मनरेगा के तहत अधिक से अधिक बालू मजदूरों को काम देने निर्णय लिया गया। और निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम बारा सुभाष चन्द्र यादव, स्वयं सहायता समूह के जिले के अधिकारी व विकास खंड जसरा के अधिकारियों समेत बीकर प्रधान प्रवीण सिंह यादव, अधिवक्ता साहेब लाल, मजदूर नेता विनोद निषाद, सुरेश निषाद, भीम लाल, रामू निषाद राम कैलाश कुशवाहा, राजकुमार पथिक आदि नेताओ सहित दर्जनों बालू मजदूर उपस्थित रहे।

दबंगों के कब्जा से कछार मुक्त करा बालू मजदूरों को खेती के लिए दिया जायेगा

बैठक में बालू मजदूरों ने एडीएम प्रशासन को बताया कि देवरिया गांव के कछार की जमीन में गांव के कुछ दबंग कब्जा कर बाहरी लोगो से वार्षिक रुपए लेकर खेती करने के लिए दिए है जो ग्राम सभा की जमीन है। जिसे यदि बेरोजगार बालू मजदूरों को खेती के लिए दिया जाय तो सब्जी सरसो फूल आदि की खेती कर बालू मजदूर आत्मनिर्भर हो सकते है। जिस पर एडीएम प्रशासन ने सहमति जता एसडीएम बारा को तत्काल कार्रवाई कर खाली करवा बालू मजदूरों को खेती के लिए दिए जाने का निर्देश दिए।

मजदूर की संदिग्ध मौत के बाद जुटी भीड़

संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

उत्तरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद बाजार में घर से लौट रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से घर में कोहराम मच गया। सदाका बाजार जिला भदोही निवासी सोनू शाह 35 वर्ष जिसका विवाह उत्तराव थाना क्षेत्र के मोहम्मद जिया गांव में कल्लू शाह के बेटी आसिया बेगम से हुआ था।वह मोहम्मद जिया गांव अपने ससुराल में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार को अपने घर जिला भदोही गया था। वहां से घर के लिए लौट रहा था जैसे ही उतराव थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद बाजार में पहुंचा ही था कि अचानक साइकिल से जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही मौत हो गई। फिर हाल आकस्मिक मृत्यु से बाजार में उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया। मौत की खबर जब घर समेत ससुराल में पहुंची तो परिजन रोते बिलखते मोहम्दाबाद बाजार पहुंचे।भोनू शाह की मृत्यु हो जाने से पत्नी आसिया बेगम दो बेटे शाहनवाज समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। फिर मामला संदिग्ध है मौत का कारण नहीं पता चल सका।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सिरसा मंडी का किया उद्घाटन

किसानों को कर्जदार मोदी और योगी ने नही किया बल्कि विपक्षी लोग ने किया : कृषि मंत्री

"भाजपा किसान विरोधी नहीं बल्कि हितैषी" सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य कर रही है

सिरसा मंडी का फीता काटकर उद्घाटन करते व पूजा अर्चना करते कृषि मंत्री

सिरसा। विधानसभा मेजा क्षेत्र में भारत माता जय बोलिए और सिरसा में कृषि विभाग द्वारा बनाए गए गोदाम का लाभ उठाइये। आप सभी किसान भाई अपने सामान को लेकर आते थे लेकिन मंडी की व्यवस्था जो भी रही हो आप मंडी मे सामान जो भी कीमत मिलती थी देकर चले जाते थे, अब आपके लिए इस मंडी के माध्यम से आपका धान-गेहूं एक महीने तक बिना किसी किराए के इस मंडी में रख सकते हैं और अपनी अच्छी कीमत लेकर अपने घर जाएं।

उक्त बाते भाजपा प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मेजारोड स्थित सिरसा नवीन मंडी समिति के प्रांगण में निर्मित मंडी समिति गोदाम के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। इससे पूर्व मंत्री ने गोदाम का फीता काटते हुए विधि-विधान से पूजापाठ कर लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। कृषि मंत्री ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के जितने किसान कर्जदार है वो किसानों को मोदी या योगी ने किसानों को कर्जदार नही बनाया है, बल्कि समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी और विपक्षीयो ने किसानों को कर्जदार बनाया गया है। कहा कि जो कांग्रेसी किसानों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, वह राजीव गांधी की सरकार थी तबसे यह भ्रष्टाचार का खेल जारी है। राजीव गांधी अपने लोगों से कहा था कि यहां से सौ रुपए जाता है किसानों के पास, लेकिन पंद्रह रुपए पहुंचता है तो पचासी रुपए कहां जाता है..? आज तक कांग्रेसी जवाब नही दे पाए और किसानों को लेकर यही लूटेरे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मंत्री शाही ने सपा-बसपा पर तंज कसते हुए कहा कि हम किसानों के हित में लगातार काम कर रहे हैं और अखिलेश यादव कहते हैं कि भाजपा किसान विरोधी है। दो रुपए किलो गेहूं और तीन रुपए किलो चावल देने का काम राजीव गांधी और इंदिरा गांधी ने नहीं किया था बल्कि अटल बिहारी वाजपेई व नरेन्द्र मोदी ने देने का काम किया है।कार्यक्रम में उनके साथ मेजा विधानसभा विधायक श्रीमतीं नीलम उदयभान करवरिया, विधायक प्रतिनिधि शैलेश कुमार पांडेय, इंजीनियर पंडित नित्यानंद, भगवान दास प्रजापति,अजय कुमार विश्वकर्मा, संजय केशरी, आलोक शुक्ला, नन्हे शुक्ला, मुकेश केशरी, मजेश सेठ, संदीप मिश्र अम्बुज),जय शंकर यादव (बबलू), जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती, रेलवे यात्री सलाहकार समिति के सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय, जिला मंत्री कृष्ण दास गुप्ता नाथू, मुन्ना मिश्रा, श्यामराज यादव, अमरेश तिवारी, कल्लू केशरी, सहित अन्य पदाधिकारी, कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आदि बड़े संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सडक पर फैला गंदगी का अंबार, अपर जिलाधिकारी से की गई शिकायत

शंकरगढ़। सफाईकर्मियों द्वारा कार्य नहीं किए जाने और कई दिनों से गायब रहने की शिकायत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) से की गई है। एडीएम (प्रशासन) से की गई शिकायत में विहिप, बजरंग दल के नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी और नगर पंचायत शंकरगढ़ की वार्ड छह, धर्मनगर की सभासद ज्योति केसरवानी ने बताया कि सफाईकर्मियों की लापरवाही से रानीगंज रोड व कुछबधियान टोला में कचरे का ढेर लगा हुआ है। इससे उठने वाली दुर्गंध से स्थानीय लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आवारा जानवर कूड़े के ढेर के आसपास जुटे रहते हैं, इससे दुर्धटनाओं की भी संभावना बनी रहती है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को प्रेषित पत्र में बताया है कि रानीगंज रोड पर सफाईकर्मी गायब रहते है। दिसंबर माह की 14 दिसंबर तक की ड्यूटी में दोनों सात तारीख से ही गायब हैं। नगर पंचायत कार्यालय में भी दोनों की गैरहाजिरी चल रही है। इस मामले की शिकायत चेयरमैन से भी की गई है। यदा कदा सफाईकर्मी अगर कभी सफाई कार्य के लिए आते भी हैं तो स्वयं कार्य न कर-के, रिश्तेदारों को या किसी अन्य को भेज देते हैं। सफाई नहीं होने से रानीगंज रोड पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। स्थानीय लोगों की दिक्कत बढ़ती जा रही है।

मंदबुद्धि युवक को जान जोखिम में डालकर पुलिस ने बचाया, परिजनों को सौंपा

मऊआइमा। मंगलवार को देर शाम एक मंदबुद्धि युवक पुलिस को देख कर तालाब में कूद गया था । जिसे पुलिस ने अपनी जान को जोखिम में डाल कर बचाया। फिर सूचना पर युवक के परिजन थाने आए।और उसे परिजनों को सौंपें दिया । पुलिस के इस सराहनीय कार्य की चर्चा चारों तरफ व्याप्त है ।

मऊआइमा कस्बा के बैरहना स्थित एक जानलेवा तालाब में मंगलवार देर शाम एक मंबुध्दि युवक पुलिस को देख कर कूद गया था । जिसे कस्बा चौकी इंचार्ज अजीत सिंह ने जान जोखिम में डालकर उसे किसी तरह तालाब से निकाल कर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाकर उपचार कराए । तथा कपडा भोजन आदि का इंतजाम किए। उधर गायब युवक के परिजन तलाशते तलाशते गुरुवार को मऊआइमा थाने आ गए । परिजनों को देख कर मंबुद्धि युवक परिजनों के पैरों पर पड कर रोने लगा । मंबुद्धि युवक के परिजनों ने बताया कि इसका नाम कुलदीप मिश्रा पुत्र केदारनाथ मिश्रा ग्राम महोथला (ननई का पूरा) मिर्जापुर चौहारी रानीगंज प्रतापगढ़ है। मंबुद्धि युवक कुलदीप मिश्रा एल एल बी किए हुए है । तथा चार साल से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। इधर एक सप्ताह से वह घर से गायब हो गया था। जिसकी तलाश में पूरा परिवार तलाश कर रहा है। गुरुवार को कुलदीप के मिलने पर परिजनों के आंखो में आंसू आ गए तथा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और धन्यवाद दिए।

परिजनों के साथ मंदबुद्धि युवक

युवक की गला रेतकर हत्या का प्रयास

कौंधियारा। कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जारी गांव में एक युवक की गला रेतकर हत्या करने का प्रयास किया गया। घटना देर रात की स्थानीय लोगों के द्वारा बताई जा रही है। गांव के एक व्यक्ति के द्वारा बेहोशी हालत में खून से लथपथ एक युवक को देखा गया जिसमें उसके द्वारा शोर मचाने पर गांव के कई लोग मौके पर एकत्र हुए, जहां पर खून से लथपथ युवक की पहचान परिवर्तन कुशवाहा पुत्र रघुनाथ कुशवाहा के रूप में की गई। जिसके गले पर धारदार हथियार से गहरा घाव किया गया था वहीं परिजनों के द्वारा तत्काल ही घटना की जानकारी कौंधियारा पुलिस को दी गई और घायल युवक को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। वही गांव में सनसनीखेज घटना से दहशत का माहौल व्याप्त है जबकि कुछ लोगों के द्वारा दबी जुबान में तरह-तरह की चचाएं की जा रही है। लेकिन कोई भी व्यक्ति कुछ भी इस घटना के बारे में खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

अन्नदाताओं को बीजेपी सरकार कर रही प्रताड़ित नही चलेगी सरकार की तानाशाही : नरेंद्र सिंह

सिरसा। विधानसभा मेजा में किसानों के सम्मान एवं आन्दोलन के समर्थन मे सपा नेता पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने बुधवार को क्षेत्र जगेपुर, बिसहिजन सहित कई दर्जनों गाँवों मे बैठक और चौपाल लगाकर भाजपा सरकार के कृषि बिल के विरोध मे किसानों को जागरूक किया। चौपाल को सम्बोधित करते हुए नरेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को खेत खलिहान से लाकर सड़क पर कर दिया है। अन्नदाता को भाजपा सरकार प्रताड़ित कर रही है और अन्नदाता से जितना संवेदनहीनता और संवादहीनता इस सरकार ने किया है, कभी कोई कर नही सकता। कहा कि यह आन्दोलन और जागरूकता अभियान किसान बिल वापसी तक चलेगा। समाजवादी पार्टी किसान आंदोलन की हित की लड़ाई तब तक चलाएगी जब तक अन्नदाताओं को उनका हक नही मिलेगा। यह आंदोलन देश हित और विकास हित की लड़ाई है। इस जागरूता के मौके पर सुखसागर सिंह, नरेन्द्र नाथ मिश्र, पीयूष कुमार सिंह 'राजू', युवा नेता रचित कुमार विश्वकर्मा धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, कृष्ण राज सिंह 'पिन्कू', अवध कुमार सिंह मुन्ना, अरविंद कुश्वाहा, सुरेश कुश्वाहा, विनोद कुश्वाहा, राम दास बिन्द, तोता राम कोल, विनोद गुप्ता, अजीत जायसवाल, आदि प्रमुख लोग रहे।

अन्नदाताओं को जागरूक करते सपा नेता नरेन्द्र सिंह

सेंध लगाकर नगदी समेत लाखों की चोरी

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के भदवा गांव में अज्ञात चोरों ने दीवाल के पीछे सेठ लगाकर कमरे के अंदर रखे बक्से में लाखों के जेवरात नगदी व लाइसेंसी बंदूक के कागजात लेकर फरार हो गए। वही एक ही रात में भदवा गाव में चोरों ने तीन घरों पर निशाना बनाकर सामान चुरा ले गए।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। भदवा गांव निवासी लवलेश सिंह पुत्र रामचंद्र के घर में बीती रात घर के पीछे से दीवाल में अज्ञात चोरों ने सेंध लगा कर अंदर प्रवेश कर गए। कमरे के अंदर रखें दो संदूक में जेवरात समेत लाइसेंसी रायफल के कागजात व नगदी 15 सौ रुपए उठा ले गए। आवाज सुनकर जब लवलेश उठे तो सारा सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। वही फौरन पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना दिया। उक्त गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों में निशाना बनाया। गुड्डु पुत्र हारून के घर में चोरों ने छत से प्रवेश कर अंदर रखें कमरे में पायल नथनी झुमका वह मोबाइल को उड़ा ले गए। उक्त गांव निवासी प्रेमनाथ के घर से चोरों ने सेंध लगाकर 3 बोरी गेहूं भी उठा ले गए। वही पीड़ितों ने उतराव थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फिर हाल एक ही रात में भदवा गांव में तीन घरों में चोरी हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।तीन चोरियों से पुलिस के भी पसीने छूट गए।अब देखना यह है कि चोरों द्वारा एक ही रात में चोरी की दी गयी चुनौती को पुलिस कितने समय मे पदार्फाश करती हैं।

चोरों द्वारा की गयी सेंधमारी का दृश्य व चोरी के बाद बिखरा सामान

देवरों ने भाभी से दुष्कर्म का किया कोशिश, विरोध पर मारापीट धमकी देते भागे

घूरपुर। घूरपुर क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता के साथ उसके देवरो ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया ।विवाहिता ने विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया गया ।पीड़िता ने मामले की शिकायत घूरपुर पुलिस से की है। घूरपुर थाना क्षेत्र एक गांव की विवाहिता गुरुवार की दोपहर अपने घर मे अकेली थी ।विवाहिता को अकेली देख उसके रिस्ते के दो देवर कमरे में घुस गए और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए उसके कपड़े उतारने लगे ।पीड़िता रिस्ते की दुहाई देते हुए मिन्नते करती रही ।लेकिन हवस के भूखे देवर उसकी बात को नजरअंदाज करते रहे ।विवाहिता ने शोर मचाया तो दोनो मारते पीटते हुए किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले ।पीड़िता ने मामले की शिकायत घूरपुर पुलिस से की है ।

आशा की लापरवाही ने ले ली दुधमुंही बच्ची की जान

हंडिया। आशा की लापरवाही ने ले ली दुधमुंही बच्ची की जान । मामला हंड़िया थाना क्षेत्र के धोबहा गांव की है । बताया जाता है कि मुन्नालाल पुत्र भाने राम ने जिलाधिकारी प्रयागराज और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि वह अपने प्रोती निष्ठा जो 2 माह 8 दिन की थी । 7 दिसंबर को नीलम सोनी जो आशा के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने धोबहा गांव में कैंप लगाया गया था जिसमें गांव के लोगों को फोन करके बुला कर टीका लगा रही थी । वहीं पर मुन्नालाल पुत्र भाने रामगढ़ ने अपनी 2 माह की बच्ची निष्ठा को टीका लगाने के लिए ले गए थे । टीका लगाने के बाद बच्ची सुस्त हो गई घर पर आई बच्ची एक उल्टियां भी की और बच्ची की हालत नाजुक होने लगी तो घर परिवार के लोगों ने सोचा कि टीका लगाने की वजह से बच्ची की हालत ऐसी है। परिजनों के मुताबिक बताया जा रहा है कि जिसमें नीलम आशा ने बच्ची को सिरप के बजाय पेरासिटामोल टैबलेट दिए और बच्चे के मां को बोले कि एकदम लेट में पांच टुकड़े करके बच्ची को पिला देना। रात लगभग 9:00 बजे बच्ची को आशा के बताए अनुसार टेबलेट की एक खुराक पिला दी जिसमें बच्ची की हालत नाजुक होने से मृत्यु हो गई । परिजनों सुबह ऊपरदहां समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए और डॉक्टरों को सारी घटना बताई लेकिन डॉक्टरों ने आनाकानी करके वहां से वापस भेज दिए। प्रदेश सरकार ने भले ही छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों के लिए हर बीमारी से बचने के लिए एक पर एक दवा का सुविधा दे रही है लेकिन यहां पर सरकारी अस्पतालों से उच्च डॉ अधिकारी की लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। परिजनों ने आशा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

संक्षेप समाचार

नगदी समेत हजारों का सामान किया पार

करछना। थाना क्षेत्र के पचदेवरा मे स्थित किराने की दुकान बीती रात अज्ञात चोरो ने एक दुकान मे घुसकर नगदी समेत हजारो का सामान लेकर चंपत बने वही सुबह दुकान पर पहुंचने पर चोरी का पता चला तो उसके होश उड गये।जिसकी सूचना पुलिस को दी।गांव निवासी सुरेश पाडेय की किराने की दुकान है जहा दुकान बंद कर घर चला गया जब सुबह आया तो देखा कि उसकी दुकान का ताला टूटा था और अदर कई कीमती सामान गायब था दुकानदार ने करछना थाने मे अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है उसके मुताबिक 10 हजार नगदी और करीब 20 हजार का सामान चोर पार कर दिया।करछना मे एक के बाद एक हुई चोरियो से लोगो मे पुलिस के प्रति गहरी नाराजगी व्याप्त है।

एक्सिस बैंक में टप्पेबाजों ने झांसा देकर उड़ा दिए आठ लाख रुपये

प्रयागराज। शहर के दिल कहे जाने वाले सिविल लाइंस में अपराधियों ने बड़ी वारदात अंजाम दे दी। गुरूवार दोपहर बाद सिविल लाइंस स्थित एक्सिस बैंक में एक व्यक्ति को झांसा देकर बदमाशों ने आठ लाख रुपये उड़ा दिए। टप्पेबाजी की सूचना पाकर पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू की। बदमाशों की तलाश हो रही है।

सिविल लाइंस इलाके में कई प्रमुख बैंकों की शाखाएं हैं जहां लूट, छिनैती और टप्पेबाजी की घटनाएं होती रही हैं। पिछले साल तो बाहरी गिरोह ने रेलवे स्टेशन परिसर में कैश वैन से ५२ लाख रुपये से भरा बक्सा ही उड़ा दिया था। बैंक से पैसे लेकर निकले लोगों से लूट और छिनैती की कई घटनाएं हो चुकी हैं। गुरूवार दोपहर बाद भी एक्सिस बैंक से पैसे लेकर निकले शख्स को अपराधियों ने चकमा देकर आठ लाख रुपये उड़ा दिए। खबर पाकर सिविल लाइंस थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंच गई। पुलिस पीड़ित शख्स के साथ ही कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है। बैंक की सीसीटीवी फुटेज को भी देखा जा रहा ताकि अफराधियों का हुलिया मिल सके। देर शाम तक पुलिस टीम बैंक के भीतर छानबीन और पूछताछ में जुटी थी। पुलिस बैंक के आसपास दूसरे शोरूम और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी फुटेज को खंगाल रही है।

बैंक में जांच पड़ताल करने पहुंची पुलिस

स्वेटर के विवाद में फोटो ग्राफर ने की आत्महत्या

मृतक की फाइल फोटो

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के अरैल बांध रोड सेल्फी पॉइंट के समीप गुरुवार भोर में पेड़ पर एक युवक का शव फंदे से लटकता मिला। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी कर मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित अरैल गांव निवासी अमन निषाद (19) पुत्र मनोज निषाद दो भाइयों छोटा था। जबकि वह संगम क्षेत्र में फोटोग्राफर का कार्य करता था। बुधवार रात दोनो भाइयों के बीच स्वेटर को लेकर विवाद हो गया था। जिससे नाराज होकर अमन घर से बाहर चला गया और रात भर वह वापस लौट कर दोबारा घर पर नहीं पहुंचा। गुरूवार भोर में अरैल बांध रोड स्थित सेल्फी पॉइंट के समीप तपसी आश्रम के निकट पेड़ की डाल पर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ उसका शव मिला। जिससे ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव देख कोहराम मच गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

पुतला दहन करने आए सपाइयों को पुलिस ने हिरासत में लिया

पुतला दहन करते सपाईयों को हिरासत में लेती पुलिस

प्रयागराज। कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली में जारी किसानों के आंदोलन के समथर्न में प्रयागराज में भी रह-रहकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ जाती है। हालांकि यहां कोई खास विरोध प्रदर्शन या आंदोलन अब तक नहीं हुआ है। गुरूवार को मेजा के पटेल नगर चौराहे पर सपा के लोगों ने किसानों के समर्थन में प्रधानमंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया तो खबर पाकर पहुंची पुलिस ने हिरासत में ले लिया साथ ही डंडे भी बरसाए। मेजा के पटेल नगर चौराहे पर सपा नेता नितेश तिवारी की अगुवाई में सपाइयों ने पुतला दहन की तैयारी की थी। खबर पाकर पुलिस भी वहां पहुंची और पुतला दहन कर रहे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को घेर लिया। कार्यकर्ता भागने लगे तो पुलिस ने भी खदेड़ा और नितेश तिवारी को पकड़ लिया। उसे पुलिस पकड़कर थाने ले गई। इस घटना की वजह से भीड़ लग गई थी। पुलिस ने लोगों को वहां से हटाया और माहौल सामान्य किया। कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की तर्ज पर यहां भी सपा और कांग्रेस नेता विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। भारत बंद के दौरान प्रयागराज में माहौल सामान्य रहा था और बंद का कोई असर नहीं देखने को मिला था। विरोध प्रदर्शन कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था जिन्हें बाद में मुचलके पर रिहा किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे का "वन नेशन वन राशन कार्ड" प्रणाली के जागरूकता में योगदान

प्रयागराज। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत अखिल भारतीय ₹वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को संपूर्ण राष्ट्र में राशन कार्डों की पोर्टेबिलिटी की सुविधा हेतु लागू किया जा रहा है। यह माननीय प्रधान मंत्री के महात्वाकांक्षी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रौद्योगिकी संचालित प्रणालीगत सुधार भी है। वन नेशन वन राशन कार्ड का उद्देश्य देश में प्रवासी जनता को अपनी पसंद के किसी भी फेयर प्राइस शॉप से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले लाभ को इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल डिवाइस से बायोमेट्रिक आधार से प्रमाणित करते

स्टेशनों पर सार्वजनिक उदघोषणा (पीए) प्रणाली पर चलाया जा रहा ऑडियो स्पॉट

हुए ले सकने की सुविधा प्रदान करना है। भारतीय रेल संपूर्ण राष्ट्र में प्रवासी आबादी के परिवहन का सबसे लोकप्रिय और सुगम साधन है, और इसलिए वन नेशन वन राशन कार्ड प्रणाली के संबंध में व्यापक जागरूकता प्रसारित करने के लिए स्टेशनों पर सार्वजनिक उदघोषणा प्रणाली का उपयोग करके ऑडियो स्पॉट / जिंगल चलाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य में उत्तर मध्य रेलवे की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र को सेवित करती है और हाल ही में कोविड -19 महामारी के दौरान भारतीय रेल द्वारा संचालित लगभग 4500 श्रमिक विशेष रेलगाड़ियों में से 53% से अधिक का संचालन करके उत्तर मध्य रेलवे ने प्रवासी आबादी के परिवहन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वन नेशन वन राशन कार्ड प्रणाली के संबंध में जागरूक करने के लिए हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में माननीय प्रधान मंत्री के संदेश वाले लगभग 40 सेकंड के ऑडियो स्पॉटों को सार्वजनिक उदघोषणा प्रणाली पर चलाने के लिए प्रयागराज, झाँसी और आगरा मंडलों के साथ साझा किया गया है। वन नेशन वन राशन कार्ड प्रणाली के बारे में अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर - 14445.डायल करके प्राप्त की जा सकती है।

किसान आंदोलनकारियों के समर्थन में पद यात्रा निकालते हुए

किसान आंदोलनकारियों का किया समर्थन, निकाला पद यात्रा

नैनी। डांडी ग्राम वासियों ने सरकार के द्वारा लागू किए गए किसान सुधार बिल का विरोध कर रहे किसान आंदोलनकारियों का पदयात्रा निकालकर समर्थन किया गया। पद यात्रा डांडी बाजार से शुरू होकर टीसीआई चौराहा, महेवा पर जाकर समाप्त हुई। लोगों ने सरकार से किसान सुधार बिल को वापस लेने की मांग की। इस मौके पर शत्रुघन यादव ने कहा कि सरकार द्वारा लाया गया किसान सुधार बिल किसानों और देश के आम नागरिकों की गुलामी के दस्तावेज है। अभिनीत कुशवाहा ने कहा की सरकार लोगों की जरूरतों से जुड़े और खास तौर पर भूख से जुड़े संसाधनों को किसी भी पूंजीपति को नियंत्रित करने नहीं दे सकती। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर हरिकेश सिंह, डांडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित साहू, अमीनुद्दीन इमरान अली, घनश्याम यादव, रविंद्र यादव, सावन पाल, अमित यादव, सुरेंद्र यादव व सुजीत केसरवानी समेत कई लोग मौजूद रहे।

चार माह से कर्मियों को नहीं मिली पगार भुखमरी के कगार पर दर्जनभर परिवार

शंकरगढ़। अगस्त महीने से मेहनताना नहीं मिलने से जलनिगम के प्राइवेट कर्मचारी और उनका परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। बार-बार मिल रहे आश्वासन से परेशान विकास खंड शंकरगढ़ जल निगम के प्राइवेट कर्मियों ने कार्य से हाथ खड़ा कर दिया। जल निगम कर्मियों के द्वारा कार्य बहिष्कार किए जाने से क्षेत्र के हजारों घरों की जलापूर्ति ठप हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों ने अवर अभियंता को मौके पर भेजा। यहां पहुंचे अवर अभियंता ने शीघ्र ही भुगतान का आश्वासन देकर लोगों का गुस्सा शांत कराया। बताते चलें कि शंकरगढ़ क्षेत्र में जल निगम में 13 प्राइवेट कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मियों को बीते अगस्त माह से पारिश्रमिक नहीं मिला है। मानदेय नहीं मिलने से कार्यरत कर्मचारियों में संजय वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, राकेश सोनी, प्रमोद यादव, महेंद्र कुमार, भोलानाथ, राजू, जीतू सिंह, सुरेश कुमार, श्याम नारायण, राम बहादुर, संदीप लोचन आदि कार्य से हाथ खड़ा कर दिया। कार्य ठप करने से नगर पंचायत शंकरगढ़ के दर्जनभर ट्यूबवेल ठप पड़ गए। हजारों घरों की जलापूर्ति ठप पड़ गई और पानी नहीं मिलने से क्षेत्र में हाहाकार मच गया। जल निगम के प्राइवेट कर्मियों के कार्य बहिष्कार से नगर पंचायत शंकरगढ़ के दर्जनभर वार्डों के साथ ही आसपास के कई गांवों बैरी बसहरा, शिवराजपुर, बेनीपुर आदि की जलापूर्ति ठप हो गई। इस कार्य बहिष्कार/हड़ताल की सूचना गुरुवार को अवर अभियंता श्यामबाबू पाल स्थानीय जल निगम कार्यालय पहुंचे और हड़ताली कर्मियों को जल्द भुगतान कराने का आश्वासन देकर शांत कराया। कर्मियों ने कहा कि यदि 25 दिसंबर के पहले भुगतान नहीं किया जाता है तो वह हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे।

भाजपा सरकार में किसान पूरी तरह से खुशहाल हैं : प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह

सहसों। माननीय प्रधान मन्त्री मोदी जी की सरकार किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किया है। विपक्ष ने केवल तोड़ने का काम कर रही है। मोदी जी के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए खाद बीज की उपलब्धता के साथ साथ किसान सम्मान योजना के अंतर्गत खेतों की बुवाई व बीज के लिए 2000 का सम्मान भुगतान राशि बिना दलाल व बिचौलिए के सीधे किसानो खाते में दे रही है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह जी ने गुरुवार को सहसों के छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज में एक किसान महा सम्मेलन में कही। उन्होंने अपने सम्बोधन कहा कि मोदी तथा योगी सरकार ने किसानों के सम्मान में खाद बीज के अतिरिक्त अनाज उत्पादन पर पूरे देश में बेचने की छूट करके किसानों का सम्मान बढ़ाया है। कांग्रेस सरकार 70 वर्षों से किसानों का शोषण कर रही थी किसान खाद बीज के लिए लाठियां और गोलियां खा रहे थे। मोदी सरकार ने सम्मान बढ़ाते हुए प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की न्यू राज एवं देश के हित में किया गया है। देश के गौरवशाली अटल बिहारी बाजपेई ने पार्टी को खड़ा किया। उन्होंने पूरे देश में स्वर्णिम चतुर्भुज राष्ट्रिय राज मार्ग योजना के अंतर्गत नेशनल हाईवे का जाल बिछा कर किसानों द्वारा उत्पादित सब्जियों से लेकर फलों को बैठकर बिना टैक्स के बिक्री क्र रहे हैं। सब्जियों को बेंच कर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं किसान का बेटा चाय बेचने वाले का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना द्य बनते ही छोटे.छोटे किसानों का खाता खुलवाया जिससे होने वाले फायदे को बिचौलिया न ले सके सीधे उनके खाते में पहुंचाई जा सके द्य सपा बसपा कांग्रेस ने जातिवाद भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर किसानों को लूटने का काम किया द्य भाजपा सरकार में किसान पूरी तरह से खुशहाल हैं। सरकार द्वारा लाए गए कृषि बिल द्वारा किसान अपने उत्पादित अनाजों को देश के किसी भी मंडियों में महंगे दामों पर बेचकर अपनी आर्थिक समृद्धि बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा भाजपा सरकार से आतंकवादी भयभीत हैं। श्रीनगर के चौक में झंडा फराया तथा आतंकवादियों के घर में घुसकर उन्हें मारने का काम किया द्य धारा 370 हटाया तथा वहां की जनता को पूरी तरह से आजादी देकर स्थानीय निकाय से लेकर अन्य चुनाव में भागीदारी करने का काम किया। उन्होंने कांवरिया तथा माघ मेले में आए हुए श्रद्धालु के ऊपर हेलीकॉप्टर से फूल बरसा घर उनका सम्मान बढ़ाया गया। उन्होंने कहा देश में पहली बार प्रधानमंत्री ने स्वच्छता ग्राही का पद धोया हो या जो पहले या तो भगवान राम ने निषाद का पैर धोया या फिर मोदी ने धोकर उनका सम्मान बढ़ाया। उन्होंने सरदार पटेल की मूर्ति का जिक्र करते हुए कहा कि ऐतिहासिक मूर्ति बनने पर वहां पर्यटकों के आने से वहां रह रहे आदिवासियों को रोजगार मिला आज भी आर्थिक रूप से मजबूत हैं द्य मोदी जहां जहां कदम रखते हैं वहां रोजगार देते हैं। आज मोदी सरकार में किसान चारों तरफ से खुशहाल है ना मंडी बंद होगी ना बाजार बंद होगा किसान चाहे जहां अपना माल बेच कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। विपक्षी पार्टियों के बहकावे में कुछ किसान भ्रमित हैं। किसान सरकार की नीतियों एवं योजनाओं से पूरे देश के किसान खुशहाल हैं। अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा प्रधान मंत्री द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत गरीब किसानो को आवास मुहैया कराया उनका लक्ष्य है की देस में 2022 तक देस में कोई भी घर कच्चा न रह जाय द्य कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने स्वागत एवं अभिनंदन किया द्य इसके पश्चात जिला अध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल आदि ने 51 किलो का माला पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद अनीष केसरवानी, विक्रम सिंह पटेल एवं सचिन ने अलग.अलग चांदी का मुकुट पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। जिला उपद्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। किसान सम्मेलन में सांसद केसरी देवी पटेल, विधायक प्रवीण पटेल, विधायक विक्रमाजीत मौर्य, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, निर्मला पासवान, अनामिका चौधरी, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे आदि ने भी अपने.अपने विचार व्यक्त किएद्य इस अवसर पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, पूर्व विधायक दीपक पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, कन्हैया लाल पांडे, ब्लॉक प्रमुख बहरिया कुलदीप पांडे, बहादुरपुर ब्लाक प्रमुख डब्बू यादव, मौअयमा के सुधीर मौर्या, सोराव के राजेश तिवारी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे एवं राकेश बहादुर सिंह, विक्रम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, संदीप द्विवेदी, विजयलक्ष्मी सिंह चंदेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंदर बहादुर सिंह, आलोक कुमार सिंह, बृजेश कुमार तिवारी, भूपेंद्र मिश्र, राजधर दुबे, जय प्रकाश दुबेए गुलाब तिवारी, रमेश दुबे, संजय सिंह, सत्यम हिंदू, अनिल सरोज, पवन शुक्ला, अच्छे लाल साहू, रोहित केसरी आदि मौजूद रहे।

चोरी की वारदात में असफल हुए बदमाशों ने मारपीट के साथ की फायरिंग

खीरी। खीरी थाना अंतर्गत गुरुवार को बीती रात में करह गांव निवासी हरिश्चंद्र प्रजापति पुत्र जगन्नाथ के घर में चोरों ने वारदात को अंजाम देने के लिए घर के अंदर प्रवेश किए उसी बीच घर के परिवार वालों को जाग जाने के चलते वाहनों के बारे में जानकारी और चाबी मांग रहे थे जिसे विमला देवी ने मना कर दिया उसे काफी मारपीट की और परिवार के सदस्य जब मौके पर पहुंचते देख तो चोरों ने फायरिंग शुरू कर दिया फायरिंग की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़ कर मौके पर हाय चोरों को भागते हुए देख ग्रामीणों ने दौड़ाकर 5 चोरो में से एक को पकड़ लिया गया ।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

15 उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, 20 घरों की कटे कनेक्शन

नैनी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निगम लिमिटेड की ओर से बकायेदारों व बिजली चोरों के खिलाफ जारी अभियान के तहत गुरुवार को नैनी के इंदलपुर उपकेंद्र से जुड़े तिगनौता, मन्ना का पूरा व डांडी में अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 15 घरों से कटिया मारी को पकड़ा। साथ ही बिजली बिल का भुगतान न करने पर 20 घरों के कनेक्शन काटे गए। जानकारी के मुताबिक विद्युत विभाग व प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम से जुड़े संबंधित उपखंड अधिकारी दिनेश प्रसाद सोनकर के नेतृत्व में गुरुवार को अवर अभियंता राघवेंद्र सिंह व प्रवर्तन दल के प्रभारी जनार्दन यादव, अवर अभियंता आनंद पांडेय, सिपाही मानसिंह, वसीम एवं विद्युत उपकेंद्र के लाइन मैन धीरेंद्र कुमार सहित कर्मचारियों फौज इंदलपुर उपकेंद्र से जुड़े उक्त स्थानों पर पहुंचे और अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग 60 घर की बिजली चेकिंग की गई। इस दौरान 15 घरों से बिजली चोरी को पकड़ा गया। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम धारा 135 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। वहीं बिजली बिल का भुगतान न करने पर 20 घरों के बिजली कनेक्शन अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारियों ने काट दिए। साथ ही कई उपभोक्ताओं से डेढ़ लाख से अधिक राजस्व को वसूला गया।

बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाती विद्युत टीम

ई-पाठशाला और दीक्षा ऐप के उपयोग और उद्देश्य पर डाला प्रकाश

दो दिनी प्रशिक्षण शिविर में प्रधानाध्यापकों को दी गई जानकारी

शंकरगढ़। मिशन प्रेरणा उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत परिषदीय विद्यालयों को दो दिनी प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कैंप के माध्यम से प्रधानाध्यापकों को दीक्षा ऐप, रीड एलांग, रिपोर्ट कार्ड, ई- पाठशाला, पुस्तकालय, क्रियाशीलता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विकास खंड शंकरगढ़ के सभी दस संकुल के प्रधानाध्यापकों को दो शिफ्ट में बीआरसी कार्यालय शंकरगढ़ पर प्रशिक्षित किया गया। खंड शिक्षाधिकारी शंकरगढ़ प्रीति सिंह ने क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापकों की बैठक/ प्रशिक्षण शिविर में दीक्षा ऐप, रीड एलांग, रिपोर्ट कार्ड, ई-पाठशाला, पुस्तकालय, क्रियाशीलता, 14 बिंदुओं का कायाकल्प, ड्रेस वितरण, स्वेटर वितरण, आधारशिला क्रियान्वयन, पुस्तिक वितरण, कंपोजिट ग्रांट के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। पांच-पांच संकुल के बैच में आयोजित शिविर में विद्यालय के विकास की समीक्षा भी की गई। इस मौके पर एआरपी मंगला प्रसाद, मनोज कुमार, जय सिंह, कृष्ण कुमार, अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

शातिरों ने एटीएम कार्ड बदल, उड़ाए पचास हजार

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल बगिया स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के एटीएम से अज्ञात व्यक्ति ने 25- 25 हजार रुपए दो बार में उड़ा दिए जिसकी सूचना भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। औद्योगिक क्षेत्र के सड़वा कला निवासी महेंद्र कुमार साहू अपने किसी कार्य के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम से पैसा निकालने गए हुए थे। जिसके बाद वहां पर पैसा नहीं निकल पाया तो वह बगल के ही आईसीआईसी बैंक में पैसा निकालने दोबारा गए, जहां पर किसी अज्ञात शख्स ने अचानक एटीएम को बदल दिया और 25000 रु दोपहर मे निकाल गया। वही शाम होते,होते दोबारा 25000रू एटीएम से उड़ा दिए। जिसके बाद भुक्तभोगी के मोबाइल पर मैसेज आया कि आपके पैसे निकल गए हैं। जिससे परेशान होकर भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली जाकर लिखित तहरीर दी। इसी तरह उक्त गांव की ही रहने वाली एक महिला का दस हजार रुपए एटीएम से गायब हो गए।

प्रतापगढ़-कौशाम्बी

संक्षेप समाचार

दुकानदार पर हमला कर छीने 16 हजार रुपये और मोबाइल

कुंडा। दुकान बंदकर घर जा रहे व्यापारी पर बाइक सवार युवकों ने हमला कर नकदी व मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर उसे पीटा। पुलिस ने दो आरोपितों को रात में ही गिरफ्तार कर उनके पास मोबाइल फोन व नकदी बरामद की।बाघराय थाना क्षेत्र के बोधराम का पुरवा सिया के रहने वाले राकेश कुमार जायसवाल बाघराय बाजार में इलेक्ट्रिक सामान की दुकान चलाते हैं। बुधवार रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे। पूरे खोथई के पास भाव रोड पर दो बाइक पर सवार चार युवक पहुंचेऔर ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। उनके पास रहे 16 हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन लूट लिये। विरोध करने पर बदमाशों ने उनकी जमकर पिटाई करके उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।लूट के बाद बदमाश बाइक से परार हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस राकेश को इलाज के लिये उन्हें सीएचसी ले गई जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल राकेश की तहरीर पर पुलिस ने मुंजेड़ी निवासी राहुल, वीरेन्द्र, बड़े तिवारी, अरुण सरोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।रात में ही पुलिस ने छापेमारी कर आरोपित राहुल एवं वीरेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास राकेश का मोबाइल फोन एवं 3500 रुपये बरामद हुए।

डीएम ने गरीबों एवं असहायों को किया कम्बल का वितरण

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने कड़ाके की ठण्ड को देखते हुये चिलबिला ओवर ब्रिज के पास रह रहे गरीब, असहाय एवं वृद्धजनों को कल रात्रि में कम्बल का वितरण किया जिससे वे अपने आप को इस कड़ाके की ठण्ड से बचा सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) शत्रोहन वैश्य ने भी लोगों को कम्बल का वितरण किया। कम्बल प्राप्त कर महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की और प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

पैसे के लेन-देन के विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे

दहशत फैलाने के लिए हुई हवाई फायरिंग

दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

दो की हालत नाजुक, प्रयागराज रेफर

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र में बरौलिया के मोनू शुक्ला गुरुवार दोपहर डीजल लाने के लिए बाइक से बाघराय बाजार जा रहा था। दुअर नदी के पास धमावां के नीरज ने उसे रोककर बकाया पैसे की मांग की। इस पर उनके बीच विवाद हो गया। बात बढ़ने पर दोनों ने फोन कर अपने लोगों को बुला दिया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। उनके बीच लाठी-डंडे चलने लगे। एक पक्ष की ओर से लोहे की रॉड से हमला किया गया। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई। मारपीट में एक पक्ष से राम नरेश (66), राजेश कुमार (48), बृजेश कुमार(50), भोले (34), मोनू शुक्ला (38), सत्यम (28) एवं दूसरे पक्ष से लालजी (50) उसका बेटा नीरज (25), गगन (26) व धर्मेन्द्र (32) घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद मोनू शुक्ला और नीरज की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। एसओ उमेश सिंह का कहना है कि पैसे के लेन-देन में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। फायरिंग की बात गलत है। मामले की जांच की जा रही है।

महिला को पीटकर चेन लूटी, तीन नामजद

प्रतापगढ़। सामान लदे ट्रैक्टर को घर के सामने से ले जाने से रोकने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने महिला को पीट दिया। गले में पहनी चेन भी लूट ली। पीड़िता ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।कुंडा थाना क्षेत्र के गयासपुर के शकील अहमद की बीवी उजमा बानो (35) के घर का लिंटर पड़ना था। बुधवार देर शाम ट्रैक्टर से उसका सामान जा रहा था। आरोप है कि पड़ोसी घर के सामने से ट्रैक्टर नहीं जाने दे रहे थे। उजमा ने विरोध किया तो पड़ोसियों ने उसे पीट दिया। गले में पहनी हुई सोने की चेन लूट ली। उजमा ने बताया कि उसका पति बीमार है। चेन्नई में इलाज चल रहा है। वह घर में अकेली है, जिससे आरोपित आए दिन उसे परेशान कर रहे हैं। उजमा की तहरीर पर पुलिस ने आयशा बानो, शाहिल, बिट्टो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

इलाज के दौरान महिला की मौत, पति ने मौके पर ही तोड़ दिया था दम

प्रतापगढ़। कार की चपेट मे आने से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान जिला अस्पताल मे मौत हो गयी। हादसे मे बाइक सवार पति की मौके पर ही मौत हो गयी थी। घटना के बाद पति व पत्नी का शव घर पहुंचा और एक साथ जनाजा उठा तो लोगों के आंसू छलक उठे। सांगीपुर थाना क्षेत्र के हर्षपुर कोटवा मो. सफीक की बुधवार की शाम उदयपुर थाना क्षेत्र के अमावां गांव के समीप कार की चपेट मे आने से मौके पर ही मौत हो गयी थी। मृतक बाइक से गौरीगंज से रिश्तेदार के यहां निमंत्रण मे शामिल होने आ रहा था। हादसे मे मृतक की पत्नी नसीमुद बानो व रिश्तेदार आसिफा बानो गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घायलो को जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया था। यहां मृतक सफीक की पत्नी नसीमुद बानों की भी देर रात सांसे थम गई। उधर गंभीर रूप से घायल रिश्तेदार आसिफा बानो को उपचार के लिए लखनऊ ले जाया गया है। पति व पत्नी का शव घटना के दूसरे दिन उनके गांव हर्षपुर पहुंचा तो कोहराम मच गया। गुरूवार की शाम दोनों का जनाजा एक साथ दफनाने के लिए उठा तो परिजनों के साथ ग्रामीणों की आंखो से आंसू छलक उठे।

ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही भुगत रहे लोग।

शहर में नो एंट्री सिस्टम की उड़ रही धज्जियां

यातायात पुलिस आशीर्वाद लेकर नो-एंट्री में बेधड़क करवा रही एंट्री

प्रतापगढ़। शहर के अव्यवस्थित यातायात को नियंत्रित करने प्रशासन द्वारा शुरू की गई नो एंट्री व्यवस्था भी लचर साबित हो रही है।आए दिन ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जाम के झाम की समस्या के रूप में भुगतना पड़ता है। लेकिन इस ओर जिला प्रशासन व यातायात पुलिस का कोई ध्यान नहीं है। जिससे लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। यह नजारा गुरुवार की दोपहर प्रतापगढ़ के भगवाचुंगी चैराहे का है।जहां बड़े वाहन दिनदहाड़े आंख मूंदकर शहर के अंदर एंट्री कर जाते हैं। जिसके चलते शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है।साथ ही बड़े वाहनों की चपेट में आने से कई बार हादसे होने की संभावना बनी रहती है। शहर में नो एंट्री के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।जबकि शहर के हर चैराहे पर यातायात पुलिस तैनात रहती है।जिससे कि शहर नो एंट्री के समय में सुबह से लेकर रात तक बड़े वाहन प्रवेश ना कर सके। लेकिन लोगों का आरोप है कि यातायात पुलिसकर्मी आशीर्वाद के रूप में सुविधा शुल्क लेकर बड़े वाहन को आसानी से शहर के अंदर प्रवेश करा देते हैं। जिनका खामियाजा स्थानीय व राहगीरों को जाम की समस्या के रूप में भुगतना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस कर्मी ऐसे वाहनों को शहर के अंदर जाने से रोक लगाते हैं तो काफी हद तक शहर के अंदर हर समय रहने वाली जाम की समस्या से लोगों को काफी राहत मिल सकेगी।

चिलबिला की ओर गई थी चोरों की कार

प्रतापगढ़। चैक में मेडिकल एजेंसी से पौने चार लाख रुपये चुराने के बाद चोरों की कार चिलबिला की ओर गई थी। छानबीन में उक्त जानकारी मिलने के बाद पुलिस चैक से चिलबिला मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। जल्द खुलासा का दावा किया जा रहा है।शहर के चैक में मकन्दूगंज पुलिस चैकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित रमेश अग्रवाल की मेडिकल एजेंसी पर बुधवार सुबह करीब सवा पांच बजे चार चोर पहुंचे थे। शटर टेढ़ा कर भीतर घुसे चोर गल्ले में रखे करीब पौने चार लाख रुपये उठा ले गए। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि चोर सफेद रंग की सेंट्रो कार से आए थे। चोरी के बाद उनकी कार चिलबिला की ओर जाते देखी गई है। गुरुवार को सीओ सिटी अभय पाण्डेय व नगर कोतवाल विपिन सिंह की टीम चिलबिला के रास्ते में बुधवार सुबह पांच से 5रू30 बजे के बीच मौजूद रहे लोगों से पूछताछ के साथ सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालने में जुटी रही।

कार की तालश में खडी पुलिस।

प्रत्येक बूथ पर एक दिन में 100 लोगों को लगेगा टीका

प्रतापगढ़। प्रथम चरण में कोरोना वैक्सीनेशन के लिए बनाए गए प्रत्येक बूथ पर एक दिन में 100 लोगों को टीका लगाया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग इसी दिशा में तैयारी कर रहा है। जिला अस्पताल, महिला अस्पताल व जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर बनाए गए बूथ पर सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात किए जाएंगे। वैक्सीन के लिए कोल्ड चेन सेंटर से लेकर कर्मचारियों तक को चिह्नित किया जा रहा है। उन्हें प्रशिक्षण देने की तैयारी भी चल रही है। पहले चरण के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। अब दूसरे चरण में जिलेभर की सीएचसीध्पीएचसी के अधीक्षक प्रशिक्षित किए जाएंगे, जिससे सीएचसी,पीएचसी के चिकित्सक व अन्य स्टाफ को भी इसकी जानकारी दे सकें। कोराना वैक्सीनेशन के लिए नामित किए गए जिला अस्पताल के महेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में दो-दो बूथ कोरोना टीका लगाने के लिए स्थापित किए जाएंगे। सभी 17 विकास खंड मुख्यालयों पर स्थित सीएचसी को भी कोरोना वैक्सीनेशन बूथ के रूप में चिह्नित किया गया है। इन बूथों पर टीकाकरण के लिए तैनात टीम में स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ पुलिसकर्मी भी शामिल रहेंगे।

अफीम कोठी में पेंशनर दिवस का हुआ आयोजन

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के देयकों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अन्दर किया जाये : जिलाधिकारी

प्रतापगढ़। राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु पेंशनर्स दिवस का आयोजन आज क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम की कोठी के सभागार में जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। पेंशनर दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों पेंशनरों व अन्य के द्वारा भिन्न भिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 14 प्रार्थना पत्र प्रत्यावेदन प्राप्त हुये जिसमें से 04 ग्राम्य विकास विभाग, 02 समाज कल्याण, 01 पुलिस विभाग, 02 बेसिक शिक्षा, 02 कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़ और 03 प्रकरण जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय से सम्बन्धित थे। पेंशनर दिवस में जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना पत्रोंध्प्रत्यावेदन के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। पेंशनर दिवस में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ0प्र0 शाखा प्रतापगढ़ के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कार्मिकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के निस्तारण में अत्यधिक विलम्ब किया जाता है जिसके सम्बन्ध में उनके द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित दावे का त्वरित निस्तारण कराये जाने की मांग की गई। इस बिन्दु को गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी ने उपस्थित पेंशनरों को आश्वस्त किया कि इस मामले के सन्दर्भ में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित विभागध्कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किये जायेगें। जिलाधिकारी ने कहा सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के देयकों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अन्दर कर दिया जाये, अनावश्यक रूप से देयकों के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। उन्होने कहा कि कार्यालयों में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाये क्योंकि नौकरी में आने वाले हर अधिकारी एवं कर्मचारी को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है। पेंशनर दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बैंक में भुगतान के समय लम्बी लाइन की समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित किया कि बैंकों में भुगतान के समय वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाये। जिलाधिकारी ने 80 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके 07 सेवानिवृत्त कर्मचारियों बाल गोविन्द तिवारी शिक्षा विभाग, सदानन्द पाण्डेय सिंचाई विभाग, वृजमोहन द्विवेदी ग्राम्य विकास विभाग, बुधिराम पुलिस विभाग एवं डा0 एस0एम0 जमील चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, लालचन्द्र मिश्र स्वास्थ्य विभाग एवं छोटेलाल शर्मा शिक्षा विभाग को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

सेवा निवृत्त कर्मचारियों को सममानित करते हुए

सड़क हादसे में घायल दर्शनार्थियों का हाल जानने पहुचे सांसद

कौशाम्बी। सांसद एवं राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी गुरूवार को सिराथू विधानसभा के भड़ेहरी गाँव पहुँचे और मृतकों व घायलो के परिजनों से मिलकर सात्वना व हर सम्भव मदद करने को कहा। बतादे कि सिराथू विधानसभा के भड़ेहरी ग्राम के शिवमोहन अपने पोते का मुण्डन कराने के लिये रिश्तेदार व परिवार के सदस्यों के साथ मैहर धाम टैक्टर से गये थे। मुण्डन कराने के बाद सभी लोग मंगलवार को शाम चार बजे घर के लिये निकले। टैक्टर बगदरा के बटोही मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सभी श्रद्धालु ट्राली के नीचे दब गये। स्थानीय लोगों की मदद से ट्राली में दबे लोगों को बाहर निकाला गया जिसमें से फतेहपुर जनपद के बृजरानी व राजेश पासी व कौशाम्बी के शिवमोहन रैदास की मौत हो गयी तथा लगभग बीस लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। समाचार पत्रों व पार्टी के कार्यकताओं के माध्यम से उक्त दुखदः घटना की जानकारी होने पर कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर भडेहरी गाव पहुँचे व घायलों के परिजनों से मुलाकात कर मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल व निजी अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलकर उनका हाल जाना तथा सम्बन्धित विभाग के डाक्टरों को निर्देशित किया कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही व कोताही न बरती जाये तथा निजी अस्पतालों के संचालकों से कहा गया कि घायलों से पैसा न लिया जाये। साथ ही कुछ सप्ताह पूर्व थाना कड़ा धाम के देवीगंज बाजार में हुये सड़क हादसे में दबकर चालक समेत आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। बतादे कि शहजादपुर के पंकज गुप्ता की शादी थी उसी विवाह समारोह में शामिल होने उक्त लोग पहुचे थे जो भोर में ही स्कार्पियो के ऊपर डस्ट से भरा ट्रक पलट गया जिससे दब कर आठ लोगें की मौत हो गयी थी। कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर मृतकों के परिजनों से मिलने शहजादपुर पहुच कर मृतकों के परिजनो से मिलकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किये, एवं हर सम्भव मदद के लिये कहा। साथ में सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल, आशीष केशरवानी, जज सोनकर, पप्पू चैधरी, डा0 गुलाब कुशवाहा, रमेश पाल, रानू विश्वकर्मा, सांसद मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय आदि लोग रहें।

घायल दर्शनार्थियों का हाल जानने पहुंचे सांसद।

सड़क किनारे गड्ढे में पलटी कार, चार घायल

प्रतापगढ़। रात में अमेठी से लौट रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। ग्रामीणों ने कार सवार चारों घायलों को अस्पताल भेजा।अंतू थाना क्षेत्र के गौराडांड निवासी शात्यकी सिंह के रिश्तेदार के घर अमेठी में बुधवार को दोपहर में कार्यक्रम था। उसमें शामिल होने के लिए शात्यकी अपने साथी रोहित सिंह निवासी बासुपुर और पड़ोस के रिंकू व सोनू के साथ कार से अमेठी गया था। रात करीब 11 बजे चारों लौट रहे थे। सहजीपुर रेलवे क्रॉसिंग के मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में करीब 200 मीटर दूर जाकर पलट गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से संग्रामपुर पुलिस ने कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकालकर संडवा चंद्रिका सीएचसी भेजा। वहां शात्यकी और रोहित की हालत गंभीर होने पर परिजन मुंशीगंज स्थित हॉस्पिटल लेकर चले गए।

जल निगम की पाइप फूटने से दूषित जल पी रहे हैं मान्धाता के लोग

मान्धाता, प्रतापगढ़। जल निगम की फूटी पाइप में नाली का गंदा व दूषित पानी जाने के कारण मान्धाता बाजार के लोग दूषित जल का सेवन करने को मजबूर है।कई शिकायतों के बावजूद भी जल निगम के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।बतादें की मान्धाता बाजार में बनी जल निगम की टंकी से ही पूरे बाजार के पानी की आपूर्ति होती है।विगत कई माह पूर्व बाजार में पोस्ट आफिस के सामने जल निगम की पाइप फूट गयी।पाइप फूटने से सड़क व नाली का दूषित जल भी पाइप में जाने लगा।बाजार के लोंगों ने इस आशय की कई शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से करके फूटी पाइप बदलवाने की मांग की किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।मजबूरी में लोग फूटी पाइप से घर में आपूर्ति किये जाने वाले दूषित जल का सेवन कर रहे है।बाजार वासियों में दूषित जल के सेवन से संक्रामक रोगों का खतरा उतपन्न हो गया है।

जल निगम की पाइप फूटने के बाद बहता हुआ पानी।

88 शीशी मिश्रित ठेके की शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

कंधई, प्रतापगढ़। क्षेत्राधिकारी रानीगंज व थाना कंधई के उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 अनुज यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र कंधई के किशुनगंज बाजार में देसी शराब के ठेके में शराब की शीशीयों में पानी मिलाकर बेचने के लिए तैयार कर रहे 01 अभियुक्त रवीन्द्र सिंह पुत्र नारेन्द्र सिंह निवासी साल्हीपुर कंजास थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया व मौके से 88 शीशी ठेके की देसी शराब प्रति शीशी 220 मिली, 01 अदद नुकीली छूरी व 10 अदद खाली शीशी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त रवीन्द्र सिंह ने पूछताछ में बताया कि यह दुकान संगीता यादव निवासी अजीत नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ के नाम से है, जिसकी देखरेख श्याम प्रताप सिंह निवासी अजीत नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ व नीरज सिंह (सेल्स मैन) पुत्र शिव प्रसाद सिंह निवासी साल्हीपुर कंजास थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ करते हैं।

खंभे से टकराने के बाद बस व लोगों की भीड़।

बस चालक की लापरवाही ले सकती थी यात्रियों की जान

टक्कर इतना तेज की विजली के खम्बे भी उखड़ गए यात्रियों की जान से अक्सर खेल खेलते हैं सरकारी बस चालक

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम ककोढा नेशनल हाइवे के किनारे लगे खंभे को रोडवेज बस तोड़ते हुए जा रुकी जिसमें बस में सवार लगभग 70 लोगों को मामूली चोट के बाद सकुशल जिंदगी बच गयी सभी लोग प्रयागराज से दिल्ली को जा रहे थे।कुछ यात्रियों ने बताया कि यह घटना ड्राइवर की लापरवाही से हुआ है वह किसी अन्य नौसिखिया से बस को चलवा रहा था और चालक सो रहा था हादसे में मामूली चोट लगी है गम्भीर चोट से सभी यात्री सकुशल बच गए है। ४स्त्र 77 ंल्ल 2007 नम्बर बस का पायदान भी खम्बे में फस कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया हैं टक्कर इतना तेज था कि यात्रियों से भरी बस सवार सभी डर गए थे।लेकिन चालक ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया हैं।

ट्रक की टक्कर से पिकअप सहित चालक गड्ढे में गिरा

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोंहदा मोड़ हड्डी मिल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिकअप को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे ड्राइवर पिकअप सहित निमार्णाधीन पुलिया के नीचे चला गया इस हादसे में पिकअप चालक को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें इलाज के लिए इस्माइलपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पिकअप ड्राइवर अजय पुत्र ओनई उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी नवाबगंज प्रयागराज से खागा मंडी जा रहा था सैनी कोतवाली के लोहदा मोड़ के पास हड्डी मिल के सामने अनियंत्रित अज्ञात ट्रक ने पीछे से पिकप में टक्कर मार दिया जिससे ड्राइवर पिकअप सहित गहरी खाई में जा गिरा इस हादसे में चालक के सिर में चोट लगने से वह गंभीर घायल हो गया राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेंस से घायल चालक को कड़ा के इस्माइलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है।



ट,क की टक्कर से खड्ड में गिरी पिकअप व चालक